Vishnulene
VSM SUITINGS & SHIRTINGS
Vishnu Laxmi Silk Mills
29,A-6, Udit Mittal Ind. Estate, Andheri Kurla Road, Andheri (E), Mumbai- 59
E-mail: shahsaras@gmail.com

पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-02-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-25 अंक-16 भीलवाड़ा/ 07 फरवरी, 2023 कुल पृष्ठ- 20 मूल्य : 25 रुपए 1

























## वैवाहिक सीजन की मांग जोर पकड़ने से कपड़ों में कारोबार वृद्धि की संभावना बढ़ी

**मुंबई/ रमाशंकर पांडेय...**कपड़ा उद्योग को बजट से निराशा है। बजट में उद्योग की मांग अनसुनी कर दी गई है। सीधे तौर पर कोई लाभ नहीं है, परंतु कर मर्यादा सात लाख रू कर देने से अब लोगों के हाथ में पैसा अधिक आएगा और लोगों की खरीद शक्ति बढ़ेगी, जिसका फायदा जरूर कपड़ा उद्योग को होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि मानना होगा कि यह चुनावी बजट नहीं है। इसमें रेवड़ियां नहीं बांटी गई है, परंतु ठोस वित्तीय बुनियाद के बल के साथ जबरदस्त निवेश के जरिए यह विकास को रफ्तार देने वाला साबित हो सकता है। एमएमएसई को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की गई है कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को 9000 करोड़ रू के निवेश के साथ बढ़ाया जाएगा। कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षो से उद्योग कई तरह की परेशानी से जूझ रहे थे और उनको बैंकों से आसानी से लोन नहीं मिल रहे थे। ऑडिट के फेर में फंसे उद्यमियों को कई दिक्क तें थी। अब तीन करोड़ तक के टर्नओवर वाले एमएसएमई उद्योग को ऑडिट में छूट दी गई है। इससे सबसे अधिक लाभ स्टार्टअप को होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। कई बड़े उद्योग मझोलों से माल

Since 1999 9004668794
KATARIA INSURANCE
SHOP . GODOWN . FACTORY

लेने पर उनको समय पर भुगतान नहीं करते हैं। अब बजट में ऐसे उद्योगों को अपनी सालाना रिटर्न फाइल करने से पहले छोटे उद्योगों को भुगतान करना पड़ेगा। यदि भुगतान नहीं करते हैं, तो उस खर्च का वे डिडक्शन क्लेम नहीं कर सकेंगे। इससे उक्त छोटे एवं मझोले उद्योग को राहत मिलेगी। कपड़ों में स्थानीय कामकाज और निर्यात में निरंतरता एवं स्थिरता लाने के लिए जरूरी है कि टेक्सटाइल संबंधित कच्चे माल के भाव स्थिर हों। अमेरिका एवं यूरोप के बाजारों में छाई मंदी और बढ़ी महंगाई के कारण कपड़ा एवं गारमेण्ट की वैश्विक मांग कमजोर है, तो दूसरी ओर देशभर की मंडियों में भिन्न-भिन्न कारणों से रिटेल स्तर पर कपड़ों की मांग में जितना सुधार होना चाहिए, उतना नहीं हो रहा है जबकि सीजन सूती कपड़ों की मांग में भारी उछाल का है। इतना ही नहीं अब रुई के भाव लगातार घट रहे है, जिससे कॉटन यार्न के भाव घटने का सिलसिला जारी है, फिरभी कपड़ों का उत्पादन कम हो रहा है। तैयार कपड़ों का स्टॉक अधिक नहीं है और पाइपलाइन खाली है। देश में रुई का दूसरा बड़ा उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। इसलिए टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग उद्योग के विकास एवं विस्तार को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार नई टेक्सटाइल पॉलिसी लाने की तैयारी में है। इसके लिए महाराष्ट्र की सरकार ने एक सलाहकार बोर्ड का गठन किया है, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों को शामिल किया गया हैं। कपड़ों में कारोबार बढ़ने की संभावना बनी हुई है क्योंकि आगे वैवाहिक सीजन, रमजान की ग्राहकी और स्कूल यूनिफार्म में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। सीएमएआई का आयोजित नेशनल गारमेण्ट फेयर बाजार को नई दिशा देनेवाला है, जिसपर सभी की नजरें हैं, जहां आगे की सीजन के हिसाब से डेवलप किए गए नये उत्पादों के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म मिलता है।












# व्यवसाय में फिर से गति के संचार से उत्पादकों के उत्साह में वृद्धि

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

सर्दी के साथ बूंदाबांदी से मौसम पूरी तरह बदल गया है। उत्पादन में व्याप्त शिथिलता अभी भी बरकरार है उद्यमी उत्पादन लेना तो चाहते हैं, परंतु विद्यमान परिस्थितियों के कारण वांछित गति आ नहीं पा रही है। ग्राहकी है, मगर माल की उपलब्धता के अभाव में पूर्ति में व्यवधान है। इसके साथ रकम की आवक ठिठुर सी गई है, इस कारण नाणा भीड़ का एहसास मुखरित हो रहा है। ग्रे क्लॉथ के भाव स्थिर अवस्था में चल रहे हैं, इसके बाद भी प्रबुद्ध उद्यमियों का कहना है कि ग्रे भावों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी हुए बिना नहीं रहेगी।

लंबे समय से सहमे सहमे रहे पोपलीन, टेंट क्लॉथ, पेटीकोट, नाइटी क्लॉथ, व्यवसाय में फिर से गति के संचार से उत्पादकों के उत्साह में वृद्धि के संकेत स्पष्ट हैं। सिंथेटिक रोटो पोकेटिंग आदि के उत्पादन संतोषजनक चल रहे हैं। कतिपय परिस्थितियां अगर अनुकूलता के साथ चली, तो स्थानीय रंगाई छपाई उद्योग के निखार में आशातीत वृद्धि हुए बिना नहीं रहेगी। सूटिंग प्रोसेस का कार्य कुछ दिक्कतों के बाद भी ठीक है। बिजली की अव्यवस्था का सिविल उत्पादन पर भारी प्रभाव पड़ रहा है इससे निजात पाने हेतु सौर ऊर्जा संयंत्रों को बढ़ावा मिल रहा है। कई युनिटों ने इसे अपना कर इसका प्रतिफल पाया है और कई यूनिटें इस और आगे बढ़ रही है।

समय की आवश्यकता को समझकर यहां के उद्यमियों ने अपने पूर्ववत उत्पादन को जारी रखते हुए कुछ नए उत्पादनों को निर्मित किया है। समाचारों के अनुसार ऐसे उत्पादनों और उत्पादकों को अच्छा लाभ मिल रहा है। ऐसा माल गिनी चुनी मण्डियों में ही भेज कर जायजा ले रहे हैं। स्थानीय तौर पर यहां का प्रायः समूचा उत्पादन देखा देखी की थ्योरी पर ही आधारित रहा है। इस संबंध में उद्यमियों का कहना है कि ऐसे में रिस्क की संभावना नहीं के बराबर रहती है। यह जरूर है कि लाभ का प्रतिशत भी कंपटीशन से भरा रहता है। नया उत्पाद बनाने हेतु विशेष कार्य प्रक्रिया को काम में लेना होता है नया उत्पाद सफल हो जाता है तो लाभकर निश्चित रहता है, परंतु असफल होने पर हानि को भी सहन करने की क्षमता को रखना पड़ता है।

नये बजट में क्या प्रावधान आते हैं, उनका क्या प्रभाव रहता है, यह तो शीघ्र पता चल जाएगा। औद्योगिक परेशानियों के निराकरण में बजट ने सार सम्मत रोल अदा किये, तो औद्योगिक विकास दिन दूना रात चौगुना हो जाएगा। फिलहाल जो औद्योगिक हालात हैं, उसमें उत्पादक और व्यापारी दोनों खुश नजर नहीं आ रहे हैं। अब इतना तो स्पष्ट नजर आ रहा है कि मंदी के प्रचंड वेग को स्थान नहीं है। मंदी की गर्द भी अब हतोत्साहित नहीं करने के ही संकेत हैं।

बालोतरा अरबन को ऑपरेटिव बैंक के ग्यारह हजार से अधिक सदस्यों ने इस बार एक नये इतिहास का सृजन किया। नवीनतम चुनाव प्रक्रिया में संचालक मंडल के सभी प्रबंधक निर्विरोध सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। संभवतः संपूर्ण राजस्थान की सभी नागरिक सहकारी बैंकों में बालोतरा अर्बन को ऑपरेटिव बैंक ने एक नया प्रेरक और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। निर्वाचित डायरेक्टरों में सर्व श्री अशोक सिंघवी, गणपत ढेलड़िया, लालचंद पुनीत, महेंद्र वेद, भूपत राज कोठारी, अरिहंत तातेड़, वीरमचंद बोकड़िया, डॉ. जी. आर, चंद्रा बालड़, तारा खत्री, हस्तीमल जालोड़, ललित प्रजापत रहे।

प्रसिद्ध तीर्थ नाकोड़ा जी के ट्रस्टियों के चुनाव में बालोतरा से हुलास, बाफना, जितेन्द्र चौपड़ा व भरत मेहता ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय जी प्राप्त की। इस क्रम में जसोल से गणपतराज बुरड़ व बाड़मेर से पुरूषोत्तम सेठिया ने भी बाजी मारी। प्राप्त समाचारों के अनुसार बालोतरा बैंक के अध्यक्ष श्री अशोक सिंघवी व उपध्याक्ष श्री गणपत ढेलड़िया का चयन भी सर्वसम्मति से हुआ है।


















## मकर संक्रांति से मेलों का आयोजन शुरू

**सतना/ बलराम शुक्ला**

मकर संक्रांति के बाद पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में आ गया था। अब धीरे धीरे तापमान सामान्य हो रहा है। 14 जनवरी तक व्यापार बहुत मंदा चल रहा था, लेकिन अब स्थिति बेहतर है मकर संक्रांति के बाद सतना के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में मेलों का आयोजन होता है, जिसमें प्रायः लोग अपनी जरूरत मुताबिक सामान की खरीदी करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों मे लगने वाले मेलों में कपड़े से लगाकर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का क्रय विक्रय होता है। यह मेले थोक व्यवसाय की संजीवनी होते हैं, जिसमें सभी को व्यापार मिलता है। सतना से दस किलोमीटर दूर एक रामवन नामक स्थान है, वहां प्रति वर्ष बसंतोत्सव का आयोजन पंच दिवसीय होता है। जिसमें बड़े बड़े खेलों का आयोजन होता है, जिसमें क्षेत्रीय खिलाड़ी भाग लेते हैं।

# रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न

**बरेली/ विकास अग्रवाल**

74 वें गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर 'भारतीय उद्योग व्यापार मंडल' बरेली के 'महानगर अध्यक्ष- श्री विकास अग्रवाल के नेतृत्व में महानगर कार्यालय उमंग फोम, माधो बाड़ी, बरेली पर बरेली 'कैंट विधायक श्री संजीव अग्रवाल द्वारा प्रातः 11:00 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात् पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल 'रक्तदान शिविर' आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधुओं ने रक्तदान देते हुए '52 यूनिट' रक्त (आई एम ए )बरेली ,को जनहित में दान स्वरूप दिया। महानगर महामंत्री श्री अभय अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि प्रांतीय



संगठन मंत्री श्री पवन अरोड़ा व जिला महामंत्री अमित अग्रवाल 'राजा' द्वारा रक्तदान देने पर आभार व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी हित के साथ-साथ जनहित में भी अपने कर्तव्य का निर्वाह कर रहा है,कार्य म के मुख्य अतिथि कैंट विधायक द्वारा रक्तदान वीरों को सर्टिफिकेट दिया गया, मीडिया प्रभारी - सर्व श्री सुरेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष -हर्ष अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-पवन निहलानी, विधिक सलाहकार- मनोज पांडे, दीपक पांडे, युवा प्रभारी - ऋषभ अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए रक्तदान करने वाले 'भामाशाह व्यापारी बंधुओं' (आलोक अग्रवाल, 'उपाध्यक्ष' देवेंद्र पाल सिंह, हरजीत सिंह मंत्री बंशीधर गर्ग, नरेंद्र सिंह , महानगर युवा अध्यक्ष जसपाल सिंह, 'बग्गा' सूरज गुप्ता 'एडवोकेट' उमंग अग्रवाल आदि के साथ भारी संख्या में पहुंचे व्यापारी बंधुओं एवं परिवार के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आम बजट पर प्रतिक्रियाएँ

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

कपड़े के थोक व्यापारी आज बजट के समय टीवी पर आंखें गड़ाए बैठे थे। उनसे बजट के बारे में प्रतिक्रिया जानना चाही, तो उन्होंने इसे सतुंलित बजट बताया। आयकर में मिली छूट पर हर्ष व्यक्त किया। एक अन्य व्यापारी ने कहा कि यह चुनावी बजट है। इसमें लोक लुभावना घोषनाएं की गई हैं, जबकि पूर्व की घोषणाएं भी अभी तक पूरी नहीं की गई है। रोजगार आज भी रोजगार के इन्तजार में बैठे हैं। सरदार श्री राजेन्द्र सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह पार्टी केवल घोषणाएं करती है, क्रियान्वन नहीं करती। इसमें व्यापार वृद्धि के उपायों का कहीं जिक्र नहीं है। इसमें न तो किसानों को कोई राहत दी गई है और न पेट्रोल डीजल में कोई राहत मिली है। उद्योग धंधों के विकास की भी कोई रूपरेखा नहीं है। कुल मिलाकर बजट असन्तोषजनक है। श्री राजीव गुप्ता ने कहा कि बजट समयानुकूल नहीं है। जब इन्कम थी, तब तक तो डिडक्शन का स्लेब कम था। अब आमदनी कम हो गई, तो स्लेब बढ़ा दिया गया।






## कड़ाके की ठण्ड के बावजूद ऊनी वस्त्रों की मांग घटी

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

लेकसिटी में इन दिनों कश्मीर जैसा नजारा है। मावठ की बरसात ने शहरवासियों को घर बैठे कश्मीर जैसा नजारा दिखा दिया। चारों तरफ कोहरे से, आसमान में छाये बादलों और शहर तथा आसपास में हुई ओलावृष्टि से एकदम ठण्ड बढ़ गई। लोग अपने घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। इस मौसम में लोग बिना गर्म वस्त्रों के नहीं रह सकते परन्तु शहर के सभी ऊनी प्रतिष्ठान और शहर में लगने वाले ऊनी वस्त्र बाजार में ग्राहक नहीं के बराबर दिखाई दे रहे हैं। समोर बाग में लगने वाला तिब्बतियन वूलन बाजार में अभी डिस्काउन्ट सेल शुरू हो चुका है, इसके बावजूद आशानुरूप बिक्री नहीं हो रही। दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। तिब्बती विक्रेताओं की मानें तो प्रतिवर्ष इन दिनों में डिस्काउन्ट सेल लगती है। सितम्बर से शुरू हुए बाजार में पन्द्रह जनवरी तक जितनी बिक्री होनी होती है, वो हो जाती है। उसके बाद कई लोग डिस्काउन्ट सेल का इन्तजार करते हैं। अतः इन दिनों बाजार में दिखने वाले ग्राहक कम कीमत में अतिरिक्त ऊनी वस्त्र चाहने वाले होते हैं। उनके पास ऊनी वस्त्र पहले से पर्याप्त होते हैं। विक्रेताओं के अनुसार अब जो माल शेष बचा है उसे उन्हें खाली करना होता है, ताकि अगले वर्ष जब बाजार लगे तो पुराना माल नहीं बेचना पड़े और पुराने माल का संग्रहण भी उन्हें नहीं करना पड़े। वैवाहिक सीजन शुरू हो गया है, पर अभी बाजार में ग्राहक आशानुरूप बिक्री देखने को नहीं मिल रही। सूत्रों के अनुसार बिगड़े मौसम से ग्राहकी मंदी है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल विकास परक बजट का स्वागत करता है

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**



वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने समग्र विकास परक बजट प्रस्तुत किया, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ने 8 लाख तक की आमदनी आयकर मुक्त करने का सुझाव दिया था जो छूट मिलाकर अब बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। हमारे सुझाव के बहुत नजदीक पहुंच गया है। रेड़ी पटरी, एम एस एम ई, कृषक, और प्रत्येक क्षेत्र के विकास का ध्यान रखने का प्रयास किया गया है। परंपरागत सोना, चांदी, किचन अपलायन्स पर टैक्स बढ़ाना अप्रत्याशित है, अभी जीएसटी के प्रावधानों में व्यापक सुधारों की आवश्यकता, व्यापारी पेंशन, आदि कई कार्य करने ज़रूरी बाक़ी हैं।

## बाजार में ग्राहकी सामान्य

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

बाजार में ग्राहकी सामान्य है। सर्दी अधिक होने से बाजार की ग्राहकी प्रभावित हुई है। आगे ब्याह शादी के सीजन के साथ ईद भी आ रही है, अतः व्यापारियों को अच्छी ग्राहकी चलने का अनुमान है। ग्रे मार्केट में सिंथेटिक व कॉटन में तेजी चल रही है, इसका प्रभाव बाजार पर भी पड़ेगा। महिला परिधानों की मांग बनी हुई है। जरूरत के हिसाब से माल आ रहा है। पेमेण्ट की आवक ठीक है। गर्म कपड़ों की बिक्री कम हो गई है। बाजार की स्थिति सामान्य बनी हुई है।







## इचलकरंजी में पावरलूमधारकों के साथ कामगारों की वेतन समस्या


**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

इचलकरंजी में पॉवरलूम कामगारों को पॉवरलूमधारकों से वेतन बढ़कर नहीं मिल रहा। पॉवरलूमधारकों को ट्रेडिंग धारकों की ओर से वेतन बढ़कर नहीं मिल रहा है, ऐसी वेतन की समस्या बनी हुई है। इसमें हर साल सहायक कामगार आयुक्त की ओर से जाहीर की जाने वाली वेतन बढ़ोतरी की घोषणा जनवरी खत्म होने के बाद नहीं की गई है। इचलकरंजी का वस्त्रोद्योग में सुसूत्रता के लिए सभी घटकों में वेतन की सुसूत्रता जरुरी है, लेकिन बार बार इसमें तफावत होती है। उसके लिए 28 फरवरी 2013 को तत्कालीन कामगार मंत्री के साथ बैठक लेकर पॉवरलूमधारकों ने कामगारों को हर साल 1 जनवरी से वेतन बढ़ोतरी देनी चाहिए। यह वेतन साल का महंगाई भत्ते का वेतन में रूपांतर कर उसकी 52 पीक के अनुसार वेतन सहायक कामगार कार्यालय जाहीर करे ऐसा तय हुआ था। उसके अनुसार सन 2014 से 2022 तक हर साल जनवरी के पहले हफ्ते में वेतन बढ़ाने की घोषणा की जाती है। अब जनवरी खत्म होने के बाद भी घोषणा नही हुई है। इसके बारे में शहर के कामगारों ने ज्ञापन देकर घोषणा करने की मांग की। सन 2016 के बाद व्यवसाय में समस्या बढ़ने के बाद 2017 से सन 2022 तक सहायक कामगार आयुक्त कार्यालय की ओर से घोषित किए गए सूची के अनुसार पावरलूम कामगारों को वेतन बढ़ोतरी नही दी गई। बाढ़, कोरोना जैसे अलग अलग कारणों से कामगारों ने वेतन बढ़ाने की मांग नहीं की, लेकिन अब वेतन बढ़ाने की मांग हो रही है और पावरलूमधारकों को गए दस सालों से ट्रेडिंग धारकों ने वेतन बढ़ाकर नही दिया है, जिसके चलते कामगारों को वेतन बढ़ाकर देना संभव नही हुआ है। पावरलूमधारकों ने वेतन बढ़ाने के लिए ट्रेडिंग असोसिएशन के साथ बैठक की लेकिन कोई हल नही निकला, जिसके चलते दोनों घटकों का वेतन की समस्या जटिल बनी हुई है। इस पर सहायक कामगार आयुक्त , लोकप्रतिनिधि और तीनों घटकों के प्रतिनिधियों ने मिलकर रास्ता निकालकर वेतन बढ़ोतरी की समस्या का हल ढूंढ कर फिर से सुसूत्रता लानी चाहिए, ऐसी मांग की जा रही है।








# बजट से व्यापार, रोजगार बढ़ेगा -श्री सुरेश बिंदल

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए 2023-24 के प्रावधानों से देश में व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत विकसित देश की ओर कदम बढ़ाएगा। यह कहना है चांदनी चौक ट्रेडर्स परिषद के प्रधान श्री सुरेश बिंदल का। उनका कहना है कि यह बजट देश को उन्नति की ओर ले जाने वाला है और इसे युवाओं को अधिक रोजगार मिलने की नीति पर फोकस किया गया है। कौशल विकास के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए नीति बनाई गई है और आयकर में कुछ परिवर्तन किए हैं, जिससे 55-60 हजार रुपए प्रति माह कमाने वालों को लाभ होगा। वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं द्वारा जमा पर अधिक ब्याज उन्हें आकर्षित करेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान दिया गया है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पर्यावरण और पर्यटन पर भी अधिक ध्यान दिया गया है।













# होली बाद अच्छे कारोबार का अनुमान : मिलों द्वारा समर सीजन की बुकिंग आंरभ

**नई दिल्ली/** दिल्ली के थोक कपड़ा बाजार में एक बार फिर कारोबारी गतिविधियां धीमी पड़ गई है क्योंकि होली पूर्व वैवाहिक सीजन की मांग लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि अप्रैल-मई के वैवाहिक सीजन की मांग में अभी समय है, हालांकि खुदरा में अभी छिटपुट मांग आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि थोक बाजार में हर वर्ष ही इस समय इसी प्रकार की स्थिति होती है और होली के पूर्व कारोबार सुस्त हो जाता है। इसी बीच, मिलों और फैब्रिक निर्माताओं ने आगामी समर सीजन की तैयारी आरंभ कर दी है तथा कुछ मिलों ने बुकिंग भी की है। कपड़े में भाव वृद्धि का दौर अब ठहरा हुआ है लेकिन आगामी महिनों में मिलें तथा निर्माता भाव बढ़ा सकते हैं, क्योंकि विस्कोस स्टेपल फाईबर, सिंथेटिक यार्न आदि में भाव वृद्धि के समाचार आ रहे हैं। कॉटन का सीजन होने के बाद भी बाजार में इसके भाव में आशानुरुप गिरावट नहीं आई और इससे व्यापारी व मिलें चिंतित हैं, क्योंकि अधिक बुआई और अनुकूल सीजन के कारण इस वर्ष अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। वस्तुतः बाजार की वर्तमान स्थिति किसी भाव वृद्धि को पचाने की स्थिति में नहीं है और संभव है कि मिलें या निर्माता उचित समय का इंतजार करें। हालांकि होली पूर्व के वैवाहिक सीजन की मांग लगभग पूरी हो जाने के कारण दिल्ली कपड़ा बाजार में एक बार फिर ग्राहकी सुस्त पड़ गई है, लेकिन खुदरा में मांग अभी बनी हुई है लेकिन वह सीमित है। जनवरी में ग्राहकी आशानुरुप ही बनी रही, हालांकि बाजार में धन की तंगी है। अधिकांश मिलों और फैब्रिक निर्माताओं ने आगामी समर सीजन की तैयारी आरंभ कर दी है और कुछ मिलों ने बुकिंग भी की है। थोक व्यापारी भी सीजन की तैयारी कर रहे हैं जबकि खुदरा व्यापारी इंतजार करो और देखो की नीति अपना रहे हैं। पिछले कुछ समय से खुदरा व्यापारियों की दिलचस्पी अग्रिम बुकिंग में भी कम होती जा रही है, क्योंकि अब सीजन के समय भी कपड़ा आसानी से बाजार में उपलब्ध होता है और अनेक बार सस्ता भी मिल जाता है। इसी प्रकार स्कीम में भी खुदरा व्यापारियों की दिलचस्पी कम होती जा रही है क्योंकि उसमें अधिक मात्रा में खरीद करनी पड़ती है और भुगतान का दबाव बना रहता है। खुदरा व्यापारियों का कहना है कि बाजार की अनिश्चित स्थिति के कारण वे तुरंत की खरीद में विश्वास रखते हैं। सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार सीमित है। कुछ निर्माताओं ने भाव वृद्धि की है, जबकि कुछ ने वृद्धि के संकेत दिए हैं लेकिन इस मामले में मिलें चुप हैं। विगत दिनों रीड एंड टेलर ने बुकिंग की थी। फैशन फ्लेयर ने जयपुर में बुकिंग की है। मिल ने अनेक नए डिजाइन आदि बाजार में दिए हैं। अनेक मिलें बुकिंग की तैयारी कर रही हैं। मिलों का अनुमान है कि आगामी सीजन को देखते हुए अच्छी बुकिंग मिलेगी। सूटिंग में प्लेन की मांग अधिक रहने का अनुमान है। ग्रेडो, सियाराम, रेमंड्स, अरविंद, मयूर आदि की मांग बनी हुई है। कॉटन सूटिंग व लिनेन की मांग आगामी दिनों में अच्छी रहने की संभावना है। समर सीजन के कारण शर्टिंग की मांग निकलने का अनुमान है। मिलें और शर्टिंग निर्माता सीजन की तैयारी में जुटे हैं। आगामी सीजन में लाईट कलर्स की मांग अच्छी रहने का अनुमान है। शर्टिंग में पीवी, पीसी, के अतिरिक्त कॉटन व लिनेन की मांग रहने का अनुमान है। मिलें जल्दी ही बुकिंग आरंभ करेंगी। आगामी दिनों में सफारी की मांग भी आने का अनुमान है। वैवाहिक सीजन की मांग अब कम्बो पैकिंग में समाप्त हो गई है, लेकिन आगामी महिनों में इसमें सुधार की संभावना है। अब लगभग सभी प्रमुख मिलें जोड़ा पैकिंग का उत्पाद कम करने पर आ गई हैं क्योंकि सस्ते जोड़ा पैकिंग की मांग अब कम होती जा रही है। सिंथेटिक व वैहाहिक साड़ियों में खुदरा में मांग बनी हुई है जबकि थोक में कारोबार कमजोर है। लंहगा-चुन्नी आदि का चलन अब शहरों में कम हो रहा है तथा वेस्टर्न ड्रेस का चलन बढ़ रहा है। परम्परागत लंहगा-चुन्नी निर्माता भी अब वेस्टर्न ड्रेस की ओर जाने लगे हैं। वैहाहिक सीजन में चटख रंगों की मांग भी कम हो रही है। लाईट व ब्राईट अधिक चल रहे हैं।



DARSHAN Valji®

# द्वारा बिलासपुर में भव्य फैब्रिक डिस्प्ले सम्पन्न

## यूनिफॉर्म की रेंज देखकर व्यापारी हुए गद्‌गद्



**बिलासपुर/** यूनिफॉर्म फैब्रिक में मशहूर ब्राण्ड 'दर्शन वालजी' के पास इस सीजन हेतु भरपुर ऑडर्स आ रहे हैं। यूनिफॉर्म निर्माताओं में अग्रणी यह ब्राण्ड अपनी मार्केटिंग रणनीति के तहत निरन्तर आगे बढ़ता जा रहा है। कम्पनी द्वारा हाल ही में 17 जनवरी 2023 को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के आनन्दा इम्पीरियल होटल में अपने चैनल पार्टनर बृजमोहन लाल रमेश कुमार अग्रवाल के तत्वावधान में भव्य फैब्रिक डिस्प्ले किया गया, जहां बिलासपुर के विधायक श्री शैलेश पांडे, कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी एवं उपस्थित व्यापारियों ने इस फैब्रिक डिस्प्ले का शुभारम्भ किया।

श्री कोठारी ने बताया कि इस दौरान कम्पनी ने यूनिफॉर्म सेक्टर की हर रेंज पेश की, जो व्यापारियों को खूब पंसद आई। इसके अलावा 'दर्शन वालजी' द्वारा अपनी सभी डिजाइनों को अलग-अलग कैटलॉग जैसे स्कूल, कार्डीनेट बुक, स्कूल चैक्स, पियानों प्लस, पेटर्न बुक, मिक्स एण्ड मैच बुक, हॉट-मॉट, कॉरपोरेट बुक, हाउस बुक आदि को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे डिजाइनों का सलेक्शन करने में आसानी रहती है।

विदित रहे कि 'दर्शन वालजी' ने हमेशा अपने व्यापारियों को प्राथमिकता दी है। वे हमेशा अपने अत्याधुनिक मशीनों पर अपने फैब्रिक उत्पाद का उत्पादन करके रिंकल फ्री फैब्रिक के साथ-साथ विभिन्न वीव जैसे प्लेन, ट्विल, मेटी, ऑक्सफॉर्ड, चेक्स, स्ट्राइप्स आदि का उत्पादन किया जाता है।

### व्यापारियों ने कराई जमकर बुकिंग

इस एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान बिलासपुर के आसपास के क्षेत्रों से पधारे सभी रिटेलर्स ने इन उत्पादों की जमकर सराहना की तथा बढ़चढ़ कर बुकिंग भी कराई।









J.HAMPSTEAD WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL A DIFFERENT LEAGUE

# ने किया एक्सक्लूसिव आउटलेट का बोरीवली (वेस्ट) में शुभारम्भ




एक्सक्लूसिव फैब्रिक रेंज, अपेरल एवं प्रीमियम गारमेण्ट की सुविधा



**मुम्बई/** सूटिंग शर्टिंग एवं वूलन फैब्रिक के प्रतिष्ठित ब्राण्ड जे. हैम्पस्टेड अपने नये कलेक्शन के लिए बाजार में छाया हुआ है। कम्पनी निरन्तर अपनी आक्रामक रणनीति के तहत हाल ही में 29 जनवरी 2023 को बोरीवली (वेस्ट), मुम्बई में अपना एक्सक्लूसिव आउटलेट का शुभारम्भ किया गया, जहां आम उपभोक्ताओं को जे. हैम्पस्टेड के नये कलेक्शन की सम्पूर्ण रेंज खरीदने का मौका मिलेगा। ज्ञात रहे कि कम्पनी निरन्तर जे. हैम्पस्टेड के एक्सक्लूसिव आउटलेट खोलने की योजना पर कार्य कर रही है। इस क्रम में कम्पनी के पूर्व आउटलेट वड़ोदरा, ग्वालियर, पंजाब, पालनपुर, नवी मुम्बई व रतलाम के बाद अब बोरीवली (वेस्ट) मुम्बई के फैशन पसन्द हर आयु वर्ग के उपभोक्त ाओं को इसका लाभ मिलेगा।

इस शोरूम का शुभारम्भ सियाराम सिल्क मिल्स के डायरेक्टर श्री अवनीश पौद्दार, शोरूम के मालिक श्री रामजीभाई पंचमटीया उनके सुपुत्र श्री राकेश पंचमटीया, जे.हैम्पस्टेड के बिजनेस हैड (वाईस प्रेसीडेण्ट मार्केटिंग) श्री विजय जैन, जनरल मैनेजर श्री राजेश चावला व रीजनल सेल्स मैनेजर श्री नवल गुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर शोरूम के मालिक श्री राकेश पचमंटीया ने कहा कि जे. हेम्पस्टेड आज भारत के तमाम शहरों में बिकने वाला ब्राण्ड है। इस आउटलेट के माध्यम से ग्राहको को टॉप फैब्रिक, अपेरल एवं प्रीमियम गारमेण्ट की विस्तृत रेंज के साथ टॉप कस्टमाइज टेलरिंग की सुविधा भी मिलेगी, जिससे फैशन पसंद हर आयुवर्ग के उपभोक्त ाओं को सुखद अहसास होगा।





## Paramount Looms Pvt. Ltd. announces live demonstration of their latest rapier machines with mechanical dobby and electronic jacquard machines



Bhiwandi / Paramount Looms Pvt Ltd, a reputed manufacturer of textile weaving machines, is proud to announce a live demonstration of their latest Rapier machines with mechanical dobby and electronic Jacquard machines. The event will take place at FaridBaug, next to Nadi Naka Police Chauki, Bhiwandi on February 11th and 12th, 2023 from 9 AM to 6 PM.

The demonstration will provide a valuable opportunity for textile industry professionals to experience the latest technology in the field and gain a first-hand understanding of the capabilities and performance of Paramount's machines.

"We are excited to showcase our cutting-edge technology and we invite textile industry professionals to attend this event and be a part of this new revolution in textile machinery," said a spokesperson from Paramount Looms.

**About Paramount Looms Pvt. Ltd.**

Paramount Looms Pvt. Ltd. is a leading manufacturer of textile weaving machines, including Power loom machines, Shuttle looms machines, Rapier loom looms machines, Airjet, Waterjet, and Electronic Jacquard machines. With years of experience in the industry, the company is committed to providing high-quality machinery and exceptional customer service.

## अच्छे मजबूत कांउटर पर जबरदस्त काम

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल...** फिलहाल अत्यधिक सर्दी का मौसम जा चुका है व मौसम सुहाना होने लगा है। लगन साया के मूहूर्त भी बहुत अच्छे हैं। मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उत्तरप्रदेश की सभी कपड़ा मार्केट्स में रिटेल दुकानदारों को 3 श्रेणियों में बांटा जा सकता है। लगभग 10 से 20 प्रतिशत के पास जबरदस्त काम है, बहुत अच्छी कटत व बढ़िया पेमेंट, दूसरे लगभग 40 प्रतिशत जबरदस्त काम, कटती किन्तु पेमेंट आराम से देते हैं। तीसरे 40 प्रतिशत के आस पास जिनके पास काम कम या ज्यादा है लेकिन भुगतान की स्थिति ज़्यादा ही कमजोर है। अब केवल नंबर एक वाले व्यापारी से काम करके सेल निकालना बड़ा ही कठिन काम है। थोक विक्रेताओं को दूसरी कैटेगिरी के व्यापारियों से तो व्यापार करना ही पड़ेगा। मार्केट में अजीब सी स्थिति है। किसी के पास जबरदस्त काम है, फुर्सत नहीं है, तो कुछ खाली बैठे हैं। कुछ ऑनलाइन का असर कपड़ा व्यापार पर भी पड़ रहा है। दूसरे, ग्राहक बहुत ज़्यादा चूजी हो गया है। इस प्रकार कपड़े का काम थोक हो या फुटकर, आसान नहीं रह गया है। सीजन के समय भी ये कहना मुश्किल है कि जबरदस्त काम है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सर्व श्री चुन्नी लाल सुनेजा, विनोद डाबर, संजीव गोयल, रमन जलोत्रा, मनोहर लाल, अजीत दीक्षित, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, हितेश डाबर, अशोक छाबड़ा, राकेश झांब के अनुसार कामकाज अच्छे हैं। अभी काम काज ठीक चलते रहेंगे।




# SHRI CHANDRAKANT DADA PATIL, MAHARASHTRA TEXTILE MINISTER INAUGURATED CMAI"S 76TH NATIONAL GARMENT FAIR




Mr. Rohit Munjal, Vice President & Chairman of Fair Sub Committee –CMAI, Mr. Rajesh Masand, President – CMAI, Maharashtra Textile Minister, Shri Chandrakant Dada Patil and Mr. Rahul Mehta, Chief Mentor – CMAI.

**Mumbai/**The Clothing Manufacturers Association of India's (CMAI) 76th National Garment Fair (NGF) was inaugurated on 3oth January, 2023 by Shri Chandrakant Dada Patil, Hon. Minister for Higher & Technical Education, Textile Industry, Parliamentary Affairs, Government of Maharashtra. The Fair will remain open during 3oth January, 31st January and 1st February at the NESCO Centre, Goregaon, Mumbai.

With more than 950 Stalls and over 1,000 Brands on display, this is the largest B2B Summer Fair in the history of Domestic Garment Industry.

While inaugurating the Fair, Shi Chandrakant Dada Patil informed that the present textile policy of Maharashtra has been operative from 2018 to 2023, expiring on 30th March 2023. The Maharashtra Govt. has appointed a committee of 30 various stake holders, including 2 representatives of CMAI, viz. Mr. Ankur Gadia & Mr. Dinesh Nandu. This committee has recommended to extend the present textile policy for further 3 months. The committee will submit its final report by March end 2023. Based on these recommendations, the Maharashtra Govt. will form its new textile policy.

Shri Chandrakant Dada Patil further informed that the Govt. of Maharashtra is planning to set up a garment trading hub in Mumbai on the lines of China's Guangzhou and Turkey's Istanbul. The Govt. is contemplating an allotment of slum area, where part area will be utilized for SRA development and remaining area shall be given to garment industry for setting of I international Garment Trading Hub. In another option, Govt. is also considering to give the space to closed Govt. textile mills to set up in the Garment Trading Hub.

Mr. Rajesh Masand, President – CMAI stated that CMAI has completed glorious 60 years of its existence and has expaned its activities on a much larger scale. CMAI plans to organise The FAB Show (Fabric, Accessories & beyond) on 26th to 28th April at NESCO, Goregoan, Mumbai. Thereafter, CMAI will organise North India Garment Fair during 22nd to 24th May 2023 at Noida Convention & Exhibition Centre. Thereafter CMAI will organise 'Brands of India' Garment Fair in Dubai. There are future plans of CMAI to organise Regional Garment Fairs at Bangalore, Kolkata, Chennai etc.

Having headquarters in Mumbai, CMAI has branch offices are located at Bangalore, New Delhi and Pune. Its Surat office will be inaugurated on 11th February, 2023.

PHOTO LINE:

The Clothing Manufacturers Association of India's (CMAI) 76th National Garment Fair (NGF) was inaugurated on 3oth January, 2023 in Mumbai by Maharashtra Textile Minister Shri Chandrakant Dada Patil,



# सम्पादकीय....

## संतुलन साधने का प्रयास

**इस** बार के बजट को लेकर कई वजहों से लोगों की उत्सुकता बनी हुई थी। यह सरकार के इस कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट है, इसलिए माना जा रहा था कि आगामी आम चुनावों के मद्देनजर इसमें कुछ राहतकारी घोषणाएं अवश्य होंगी। दरअसल, हर सरकार अपने अंतिम पूर्ण बजट में ऐसा करती आई हैं। दूसरे, पिछले दो सालों से लगातार अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर बनी रहने की वजह से रोजगार, व्यापार, वाणिज्य के क्षेत्र में सुस्ती का आलम था।

अब जब अर्थव्यवस्था कुछ पटरी पर लौटने लगी है, तब बेहतरी के उपायों को लेकर उम्मीद बनी हुई थी। ताजा बजट में इन तमाम पहलुओं पर संतुलन साधने का प्रयास किया है। इस बजट की सात प्राथमिकताएं तय की गई है- समग्र विकास, अंतिम पड़ाव तक पहुंचना, आधारभूत ढांचा निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र। इस वित्त वर्ष में विकास दर सात फीसद रहने का अनुमान है। इसलिए सरकार उत्साहित है कि बजट में तय प्राथमिकताओं को पूरा करने में उसे सफलता मिलेगी। कुछ योजनाएं, जो पहले से चली आ रही हैं, उनमें निवेश बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और विस्तार दिया जाएगा। कुछ नई भविष्य की योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं, जिनमें राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भी शामिल है। इसकी घोषणा कुछ दिनों पहले की गई थी। अब उसके लिए बजटीय प्रावधान कर दिया गया है। इससे कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आने की उम्मीद की जा रही है।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार के नए अवसर पैदा करना और महंगाई पर काबू पाना है। कोरोना काल में जब महानगरों से पलायन शुरू हुआ और बहुत सारे रोजी-रोजगार के अवसर खत्म हो गए, तब तमाम विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे थे कि ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए। इस दिशा में प्रयास हुए भी हैं, पर कृषि आधारित उद्यमों को अपेक्षित बढ़ावा नहीं मिल पाया है। इसी के मद्देनजर सरकार ने इस बजट में कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता सूची में रखा है। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप से बहुत सारे उद्यमियों को अपना काम शुरू करने का मौका मिला था। उसके उत्साहजनक नतीजों से ही सरकार को अब कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने का साहस बना है। निश्चय ही, इससे न सिर्फ किसानों और कृषि क्षेत्र की स्थिति सुधरेगी, बल्कि बहुत सारे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इस बजट में खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। पचास अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीकरण किया जाएगा, ताकि क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा दिया जा सके।

हर साल बजट पर सबसे अधिक नजर वेतनभोगी लोगों की रहती है कि उन्हें आयकर में कोई राहत मिल रही है या नहीं। साथ ही यह भी कि किन वस्तुओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है। इस अर्थ में यह बजट अधिक राहतकारी साबित होगा। पहले पांच लाख रुपए तक की सालाना आमदनी करमुक्त थी। अब इसे बढ़ा कर सात लाख रुपए तक कर दिया गया है। यह काफी बड़ा अंतर है। जाहिर है, इससे लोगों की कुछ बचत बढ़ेगी और निवेश के प्रति उनका उत्साह बनेगा। इस बजट में कर ढांचे में बदलाव की वजह से इलेक्ट्रानिक उपकरणों की कीमतों में कमी आने का अनुमान है। जिस तरह इन उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है और सरकार का जोर ग्रामीण क्षेत्रों तक संचार सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर है, इनकी कीमतें घटने से लोगों को राहत मिलेगी। रेलवे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए कई बड़े बजटीय प्रावधान किए गए हैं। सरकार का कहना है कि दस साल पहले के बजट की तुलना में इस बार नौ गुना अधिक धन का आबंटन किया गया है। इस तरह सरकार ने सभी क्षेत्रों और वर्गों के हितों का ध्यान रखते हुए बजटीय संतुलन साधने का प्रयास किया है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# पुरुषार्थ ही परमेश्वर है



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**उद्यमेन हि सिध्यन्ते कार्याणि न मनोरथैः।**
**नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रवेशन्ति मुखे मृगाः।।**

**अर्थात् –**

जिस प्रकार सोते हुए सिंह के मुँह में मृग स्वयं नहीं प्रवेश करता, उसी प्रकार केवल इच्छा या कल्पना करने से सफलता प्राप्त नहीं होती है। अपने कार्य को सिद्ध एवं सफल करने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है।

परिश्रमी व्यक्ति अपने कर्म के द्वारा अपनी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं। उन्हें जिस वस्तु की आकांक्षा होती है, उसे पाने के लिए रास्ता चुनते हैं । ऐसे व्यक्ति संकट के आने से भयभीत नहीं होते बल्कि उस संकट के निदान का उपाय खोजते हैं। अपनी कमियों के लिए वे दूसरों पर लांछन या दोषारोपण नहीं करते। तो इच्छा पूर्ति या कुछ पाने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है।

दूसरी ओर कर्महीन व्यक्ति हमेशा भाग्य पर निर्भर रहने होते हैं और अपने कर्म को भाग्य के भरोसे पर छोड़ देते हैं। अपनी कमियों का निदान न करते हुए वह भाग्य को दोषी मानते हैं । उसके अनुसार जीवन में उन्हें जो कुछ भी मिल रहा है या फिर जो भी उनके साथ हो रहा है उन सब में ईश्वर की इच्छा है। वह भाग्य के सहारे रहते हुए जीवन पर्यंत कर्म से भागता रहता है। वह अपनी कल्पनाओं में ही सुख खोजता रहता है। हमें अच्छा व्यापार करने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। समय से दुकान, ऑफिस या फिर अपने कार्यक्षेत्र पर पहुँचना पड़ता है, पूरे दिन काम करना पड़ता है, अपने विचारों को अपने कर्म में लगाना पड़ता है, तब जाकर हमें सफलता प्राप्त होती है। कर्मशील इंसान ही अपने क्षेत्र में सफल होकर दुनिया के सारे सुख प्राप्त कर सकता है। इतिहास भी इस बात का साक्षी है कि जो इंसान अधिक परिश्रम करता है, वह जिंदगी में सब कुछ पा सकता है, उसके लिए कोई भी सीमा बाधित नहीं है।

लोग हमेशा शॉर्टकट ढूंढते रहते हैं, लेकिन दरअसल जीवन में कोई शॉर्टकट नहीं होता। सब कुछ आपकी परिश्रम करने की क्षमता और आप समस्याओं से कैसे निपटते हैं, इस पर निर्भर करता है। भगवान कृष्ण ने भी गीताजी में पुरुषार्थ का ही महत्व बताया है, फल की आशा को छोड़ कर कर्म पर ही ध्यान केंद्रित करने का उपदेश दिया है।

लक्ष्य मंजिल है लेकिन पुरुषार्थ यात्रा है। अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए परिश्रम अनिवार्य है, दृढ़ निश्चयी होना और अपने लक्ष्य पर एकाग्र रहना अनिवार्य है। इंसान धातु की तरह होता है; यदि इसका उपयोग किया जाए तो यह चमकता है; यदि इसका उपयोग नहीं किया जाता है, तो उस पर जंग लग जाती है। यदि आपने वास्तव में परिश्रम किया है, तो यह निश्चित रूप से आपको फल देगा, और आप निःसंदेह अपनी सफलता का आनंद लेंगे। पुरुषार्थ की यह पारसमणि हमें अपनी अगली पीढ़ी को भी देनी चाहिए तो वह भी पुरुषार्थ नामक परमेश्वर की महिमा को समझ पाएंगे और अपने जीवन में सफलता को हासिल कर पाएंगे। डॉ.नारायण मिश्र की एक कविता की कुछ पंक्तियों के साथ आज की यह बात को अल्पविराम देता हूँ:

**जो कर्म यहाँ नहीं करते हैं, वे सदा कष्ट ही सहते हैं,**
**जो पर उपकारी होते हैं, वे ही जिन्दा रह पाते हैं।**
**यह कर्मभूमि है उनकी ही, जो दुःख से डरते कभी नहीं,**
**शत्रु उनसे भय खाते हैं, काँटों में राह बनाते हैं।**
**संसार विदित होते वे ही, जो दुःख में उफ़ भी नहीं करते हैं,**
**सानन्द दुःख भी सहते हैं, फिर भी कराहते कभी नहीं,**
**वे ही महान बन पाते हैं, सत्कर्म यहाँ जो करते हैं।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# जालान सिन्थेटिक्स का बिक्री महोत्सव सम्पन्न



**वाराणसी/ युगल किशोर जालान**

कपड़े के थोक व्यापार में जानी पहचानी फर्म जालान सिंथेटिक्स ने 23 से 29 जनवरी तक आयोजित मुहूर्त बिक्री महोत्सव में 27 फीसदी की सेल ग्रोथ के साथ स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। इस वर्ष बसंत पंचमी (26 जनवरी 2023) को जालान सिंथेटिक्स, शहाबाबाद, जगतपुर (रोहनिया) ने 49 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष यानी पचास वें वर्ष में प्रवेश किया है। आज से 49 वर्ष पूर्व वर्ष 1974 में बसंत पंचमी के दिन वर्तमान मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक जालान के दादा और चेयरमैन श्री केशव जालान के पिता सेठ दीनदयाल जी जालान ने वाराणसी के बाँसफाटक इलाके में कपड़ों के थोक व्यापार की शुरुआत की थी। मुहूर्त बिक्री महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर जालान सिंथेटिक्स के सीईओ श्री पारस बर्मन ने निरंतर मिल रहे सहयोग के लिए सभी व्यापारी बंधुओं एवं सप्लायरों का आभार व्यक्त किया।

विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मुहूर्त बिक्री महोत्सव के दौरान सप्लायर-रिटेलर मीट में व्यापारियों ने बताया इस वर्ष वुलेन बिक्री उम्मीद से काफी अधिक अच्छी रही। वुलेन का क्लोजिंग स्टॉक नहीं के बराबर रहेगा। इकोनामी से प्रीमियम तक सभी रेंज में बिक्री काफी अच्छी रही। लगभग दस वर्ष बाद इस बार नाम मात्र के क्लोजिंग स्टॉक से ठंड के सीजन की बिदाई हो रही है। रिटेलरों ने कहा की हम लोग आगामी गर्मी के लगन और ईद की बिक्री से काफी आशान्वित हैं। इसी से जालान सिंथेटिक्स के मुहूर्त बिक्री महोत्सव में स्कीम का भरपूर लाभ लेने के लिए साड़ियों और रेडीमेड सहित फैब्रिक की सभी रेंज में खरीददारी की।

जालान सिंथेटिक्स में मुहूर्त बिक्री महोत्सव का शुभारंभ डायरेक्टर द्वय श्रीमती उमा जालान एवं श्रीमती संस्कृति जालान ने श्री गणेश जी एवं दीनदयाल जी जालान के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया। व्यापारियों और सप्लायरों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। महोत्सव शुभारंभ समारोह में अतिथियों का स्वागत श्री मयंक अग्रवाल एवं श्री आनंद त्रिपाठी ने किया। सर्व श्री केशव जालान, अभिषेक जालान जालान एवं पारस बर्मन ने विभिन्न स्कीमों की घोषणा के साथ आभार व्यक्त किया।

बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग सात हजार रिटेलरों, सप्लायरों एवं टेक्सटाइल मिल मालिकों की मुहूर्त बिक्री महोत्सव में सहभागिता रही। महोत्सव के दौरान सूरत के श्री मुकेश अग्रवाल, जयपुर के श्री मुदित अग्रवाल, अहमदाबाद के श्री नरेश साह, दिल्ली के श्री अंकित कौल ने रिटेलरों को आने वाले नई रेंज और फैशन ट्रेण्ड के साथ भावी संभावनाओं की भी जानकारी दी। श्री अभिषेक जालान ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे संस्थान ने पचासवें वर्ष में प्रवेश किया है। इस हर्षोल्लास के वर्ष में जालान सिंथेटिक्स आगामी बसंत पंचमी 2024 तक रिटेलरों को विभिन्न स्कीमों का लाभ देगी।






# Yarn Rate+GST
## यार्न रेट्स — 5 फरवरी, 2023

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 245 |
| 2/18 Dyed | 205 |
| 2/40 Dyed | 295 |
| 2/30 Frosted | 242 |
| 2/30 Dyed Slub | 245 |
| 2/30 Polyster | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 245 |

### R.T.M
PH. 24766, 93140-32404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 255 |
| 2/40 Dyed | 305 |
| 2/30 Frosted | 255 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 231 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 177 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 192 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 182 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 205 |
| 1/15 Poly Black | 132 |
| 20 PV Black | 171 |
| 15 PV Black | 170 |
| 2/18 S Navy 85:15 | 200 |

### NKCM GROUP
Mob: 093611-98787

| Quality | RATE |
|---|---|
| 30's VSf | 200 |
| 40's VSf | 230 |
| 2/40' s VSf | 265 |
| 30 SLUB | 215 |
| 30' Compact | 210 |
| 40 Compact | 240 |
| 20 Compact | 215 |
| 16 neps | 260 |
| 20 neps | 270 |
| 30 neps | 295 |
| 15 slub | 210 |

### SUCHITA MARKETING PVT. LTD.
PH. 93525-36380, 94141-44161

| | |
|---|---|
| 2/30 Poly Grey | 160+ GST |
| 30 Poly Grey | 141+ GST |
| 2/30 Black | 167+ GST |
| 320 Text DMS | 114+ GST |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 245 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/50 Dyed | 340 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900, 96604-14405

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 175 |
| 2/30 65/35 Black | 248 |
| 2/30 65/35 Gray | 205 |
| 2/40 65/35 Black | 290 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 260 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

MAHABIR

| | | |
|---|---|---|
| 2/30 P/V | 202 | 2/40 |
| P/V | ---- | |
| 1/20 P/V | 170 | |
| 1/15 P/V | 165 | |

Janvi

| | |
|---|---|
| 1/15 Psy | 135 |

TRIVENI

| | |
|---|---|
| 2/40 PV | 230 |
| 2/30 Psy | ----- |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 215 |
| 2/60 PVT | 305 |
| 2/60 Polyster | 225 |
| 2/80 PC Combed | 580 |
| 2/76 Polyster | 290 |
| 2/60 P.V. | 305 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 192+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 181+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 180+GST |
| 450 ATY fancy Cone | 175+GST |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 168+GST |
| 2/30 PV | 183+GST |
| 15S PV | 153+GST |
| 2/24 PV | 178+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 153+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 143+GST |

### JAGDAMA SPINNING NEPAL

| PV YARN | | 2/15 | 155 |
|---|---|---|---|
| 2/30 | 178 | 1/20 | 150 |
| 2/24 | 172 | 1/15 | 145 |
| 2/20 | 164 | 1/10 | 142 |

### RISHIKE & SIVANTA

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30/2 PV | 178 | 30/1 Poly | 138 |
| 30/2 Poly | 157 | 15/1 PV | 146 |
| 30/1 PV | 157 | 15/1 Poly | 123 |

Note less CD 1%+ GST

### LOCAL TFO
Note less CD 1 + GST

2/30 PV 172 2/30 POLY 153

### Kishangarh Yarn Bazar
PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 540 |
| 20 Patiyala ND | 575 |
| 20 Patiyala Silver | 191 |
| 20s Puja viscous | 583 |
| 16s cottspin | 532 |
| 20s Shri Mahadav | 199 |
| 23 JS Viscous | 575 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 532 |
| 20 OM Thread | 563 |
| 20 JS | 557 |
| 23 JS | 620 |
| 10 ARI | 97+GST |

GST Paid

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

TEXTURISE

| | |
|---|---|
| 150 Roto Grey | 108-128 |
| 150 Roto Black | 109-143 |
| 150 Roto Bright | 115-133 |
| 150/250 Grey | 116-148 |
| 150/250 Dyed | 140-165 |
| 150 Fdy | 117 |

P.V. Yarn

| | |
|---|---|
| 2/20 Grey CL | 138 |
| 2/40 POLY | 195 |
| 2/15 Poly Grey | 129 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 128 |

Cotton Yarn

| | |
|---|---|
| 4 CONE | 58-88 |
| 6 CONE | 72-126 |
| 10 CONE | 86-162 |
| 2/4 CONE | 80-129 |
| 2/6 CONE | 86-148 |
| 2/8 CONE | 88-148 |
| 2/10 CONE | 98-209 |
| 2/20 CONE | 198-244 |
| 2/30 CONE | 279-355 |
| 2/40 CONE | 270-395 |

STAPLE YARN

| | |
|---|---|
| 10 CONE | 190 |
| 15 CONE | 195 |
| 20 CONE | 205 |
| 2/15 CONE | 200 |
| 2/40 CONE | 260 |

### 100%. POLY ULTIMA

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/30 | 158 | 1/30 | 138 |
| 2/24 | 152 | 1/20 | 128 |
| 2/20 | 144 | 1/15 | 122 |
| 2/15 | 136 | 10. | 118 |

Note less CD 1 + GST

### NAHAR SPINNING

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/30 PV. | 178 | 1/30 pv. | 157 |
| 2/30 POLY. | 158 | | |

Note less CD 1% + GST

### RB SPINNER

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/40 PV. | 205 | 2/15 PV | 162 |
| 2/30 PV | 180 | 20 PV | 154 |
| 2/30 PV | 172 | 15 PV | 149 |
| 2/24 PV | 167 | 10PV | 147 |
| 2/18 PV | 165 | | |

### Kk SPINNER

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/60 PV | 313 | 2/40 PV | 226 |
| 2/50 PV | 260 | 2/30 PV | 195 |

All yarn micro denier 65/35 blendl | Note less CD1%+GST

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

Raghav Agency Trident Ltd.

| | |
|---|---|
| 1/10 OE | 200 |
| 1/14 OE | 209 |
| 1/16 OE | 215 |
| 1/20 OE | 238 |
| 30 KW | 290 |
| 30 CW | 310 |
| 2/40 CW ELLY | 310 |
| 30 CW COMPACT | --- |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 60 CW COMPACT | --- |
| 50 CW COMPACT | 415 |

Ankur Udyoug

| | |
|---|---|
| 1/30 Polyester 100% | 142+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 132+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 127+GST |

Sidhartha Super Spinning Mills

| | |
|---|---|
| 2/15 P/V Dyed OG | 235+GST |
| 2/18 P/V Black | 192+GST |
| 2/30 P/V Black | 260+GST |

LNJ DENIM

| | |
|---|---|
| 6 OE | 198 |
| 7 OE | 200 |
| 8 OE | --- |
| 9 OE | --- |
| 10 OE | 205 |
| 10 Lycra | 279 |
| 16 Lycra | --- |
| 10 Slub Lycra | 315 |
| 16 Slub Lycra | ----- |

SRM SPINNERS LIMITED

| | |
|---|---|
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| 2/18 P/V Black | 210+GST |

### ALOK INDUSTRY

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 POLY. | 138 | 15 poly. | 120 |
| 20 POLY. | 129 | | |

Note less CD 1%+ GST

### GTM SPINNING
2/40 PV MICRO 202

Note less CD 1% + GST

### 100% poly

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/30 poly | 153 | 2/15 poly. | 132 |
| 2/20 poly. | 142 | | |

Note less CD 1 + GST

### PC Yarn

| | |
|---|---|
| 2/60 pc 65/35 | 300 |
| 2/40 pc 70/30 | 225 |
| 2/30 pc 65/35 | 196 |
| 1/14 pc OE 50/50 | 125 |
| 1/14 pc virgin 65/35 | 135 |

Note less CD 1 + GST
2/30 pc Mill tfo 202
less 1% cd

### Dyed Yarn

| | |
|---|---|
| 2/40 PV BLACK | 225 |
| 2/30 PV BLACK | 192 |
| 2/18 poly black. | 138 |
| 2/18 black worsted | 140 |
| 2/18 blue. | 175 |
| 2/30 black millange | 224 |
| 15 pv black millange | .195 |
| 15 poly black. | 128 |

Note less CD 1 + GST

### Magic yarn

| | |
|---|---|
| 2/49 poly magic. | 175 |
| 2/45 poly magic. | 172 |
| 2/49 pv magic. | 208 |

Note less CD 1 + GST


# सदस्यता फॉर्म

**टेक्सटाइल वर्ल्ड** — SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:– क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ–साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 500 |
| ☐ 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू. 1000 |
| ☐ 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू. 2500 |

**हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-**

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ....................

कम्पनी/फर्म का नाम : ....................

पता : ....................

....................पिन कोड नं. ....................

मोबाइल नं. ....................फोन नं. ....................

**कैटेगरी**
☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक
☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर
☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ....................

**डीलिंग**
☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट
☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल
☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ....................

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .................... दिनांक .................... रु. .................... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष– यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

7 से 21 फरवरी 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

# MAYUR STARS KI PASAND की ऑल इंडिया एजेंट्स-डीलर्स कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने दिखाया उत्साह










इस अवसर पर कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल ने सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए कहा कि ''मयूर-स्टार्स की पसंद'' आज भारतीय वस्त्र बाजार का जाना माना एवं चहेता ब्रांड है। हमें विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से आने वाले समय में यह सफलता की नई ऊंचाईयों को छुएगा।



**गोवा/** भारतीय वस्त्र बाजार में निरंतर सफलता की ओर अग्रसर ब्रांड ''मयूर-स्टार्स की पसंद'' द्वारा आगामी सीजन की विशेष तैयारियां की गई है। कंपनी द्वारा 21 से 25 जनवरी 2023 को क्लब महिंद्रा रिसोर्ट, गोवा में एजेंट्स एवं डीलर्स कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया।

कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल, मयूर ब्रांड के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग) श्री ए.के. सिंह सहित सेल्स टीम के साथ-साथ तमाम भारत से पधारे सम्माननीय एजेंट एवं डीलर की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विदित रहे कि डोनियर ग्रुप द्वारा मयूर ब्रांड के अधिग्रहण के बाद इस ब्रांड में नया जोश एवं उत्साह देखने को मिल रहा है और यह ब्रांड आज सफलता की नई ऊंचाइयां छूने को तैयार है।

''मयूर-स्टार्स की पसंद'' कई ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए फैशन से लेकर इंडस्ट्रियल वर्क वीयर की आवश्यकता को पूरा करता है एवं यूनिफॉर्म सेक्टर में मयूर एक लोकप्रिय ब्राण्ड के रूप में स्थापित है। इस ब्राण्ड ने आज घरेलू मार्केट से लेकर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाई है।

इस कॉफ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा ''मयूर-स्टार्स की पसंद'' के सभी नए कलेक्शन का डिस्प्ले किया जिसमें प्रमुखतः **Manzoni-TR, Flexi Care- Stretch Fabrics, Tuxedo 100006, Evon Deluxe, Romania and Ceremonial Collection** का समावेश था जिसे देखकर व्यापारियों ने इन सभी उत्पादों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं इन उत्पादों की जमकर बुकिंग भी कराई।

इस दौरान सबसे आकर्षण का केंद्र नवीनतम टीआर रेंज एवं लिनन शर्टिंग (60ली) भी थी। इस प्रॉडक्ट की लुक व फिनिश व्यापारियों को काफी पसंद आई एवं अच्छे ऑर्डर्स भी प्राप्त हुये।

कॉन्फ्रेंस के दौरान मयूर ब्रांड के वाइस प्रेसीडेंट श्री ए. के. सिंह ने कहा कि कंपनी द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए अनेक नए उत्पाद तैयार किए हैं, टीआर, स्ट्रेच फैब्रिक्स व लिनन शर्टिंग (60ली) इसी का उदाहरण है, जिसे आप सभी व्यापारियों द्वारा पसंद किया गया भविष्य में भी हमारा प्रयास रहेगा की हम हर सीजन के हिसाब से नये कलेक्शन आपके लिए तैयार करें जिससे आपके व्यापार में और भी वृद्धि हो। इसके लिए हम सभी आपके सहयोग एवं भागीदारी की कामना करते है।
















# संगम महोत्सव-2023 का हैदराबाद के रामोजी फिल्मसिटी में भव्य आयोजन

**टी आर फैब्रिक की नई रेंज 'केरोलिना' की गई लॉन्च**

























कंपनी के **वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग श्री महेश लखोटिया** ने बताया कि टेक्सटाइल जगत में संगम ग्रुप का अपना एक मुकाम है। संगम ग्रुप ने समय अनुसार जो ऊंचाई प्राप्त की है, इसमे सभी व्यापारियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज से लगभग 38 वर्ष पूर्व ग्रुप की स्थापना एक नन्हे पौधे के रुप में हुई थी, वह आज एक विशाल वट वृक्ष के रूप में आपके सामने है । संगम ब्रांड ने प्रतिवर्ष अपने टर्नओवर मे निरंतर वृद्धि की है। लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कम्पनी द्वारा समय समय पर नये नये उत्पाद प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जिन्हे मार्केट में काफी सराहा जाता रहा है। कम्पनी द्वारा बड़ी मात्रा में यूनिफॉर्म एवं इंस्टीट्यूशन सेगमेंट को फैब्रिक सप्लाई किया जाता है, जिसकी गुणवता एंव उपलब्धता के कारण निरंतर डिमांड बनी रहती है। समय-समय पर व्यापारियों द्वारा जो भी न्यू डवलपमेंट के सुझाव हमें मिलते हैं, हम उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास करते हैं जिससे व्यापार में प्रगति हुई है।

**भीलवाड़ा/ वस्त्र उद्योग के सुविख्यात ब्रांड 'संगम सूटिंग' ने दिनांक 09.01.2023 से 11.01.2023 तक रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद के पाँच सितारा होटल में ऑल इंडिया ऐजेंट्स व डीलर्स मीट का आयोजन किया। इस संगम महोत्सव-2023 रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद में देशभर के सभी एजेंट्स एवं डीलर्स ने उत्साह से भाग लिया और संगम परिवार की ओर से किए गए इस अनूठे प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।**






इस विशेष अवसर पर कंपनी के **एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री वी.के.सोडानी** ने बताया कि काफी लंबे अंतराल के बाद इस संगम महोत्सव का आयोजन किया गया। विगत कोरोना काल में मिले अनुकूल परिणाम से पूरा देश विषम परिस्थितियों से गुजरा। जिसका प्रभाव टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर भी रहा। परन्तु सभी व्यापारियों के अथाह प्रेम एवं सहयोग ने इन विषम परि-स्थतियों में भी कंपनी को मजबूती प्रदान की। इसी का नतीजा रहा कि कंपनी अपनी ग्रोथ निरन्तर बनाए हुए हैं। श्री सोडानी ने आगामी व्यापार संवर्धन हेतु आगंतुक व्यापारियों से विचार-विमर्श भी किया और उन्हें आश्वस्त किया कि संगम परिवार समय की कसौटी पर खरा उतर कर नए डवपलपमेंट करने का सदैव प्रयास करता रहेगा।









## टी आर फैब्रिक की नई रेंज 'केरोलिना' की लॉन्चिंग

इसी कड़ी के अंतर्गत मिल द्वारा आगामी वैवाहिक सीजन व मार्केट की डिमांड को देखते हुए केटोनिक टी आर फैब्रिक की नयी रेंज 'केरोलिना' बनाई गई, जिसकी लॉन्चिंग की गई। यह रेंज सभी व्यापारियों को बहुत पसंद आयी और इसमे व्यापारियों ने काफी ऑर्डर एडवास में दिये, जिससे कि समय पर उनको डिलिवरी मिल सके। इसकी सेल के बेहतर प्रदर्शन हेतु मिल द्वारा आकर्षक स्कीम भी दी गई। मिल द्वारा गत वर्ष में हुए व्यापार के अनुसार एजेंट एवं व्यापारियों को कार्यनुरूप अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान सेल्स टीम से श्री सुरेन्द्र व्यास, सत्यनारायण जागेटिया, दिनेश जागेटिया, विष्णु जोशी, दशरथ सिंह शेखावत और पूरी मार्केटिंग टीम उपस्थित रही। इस संगम महोत्सव को सफल बनाने के लिये सभी व्यापारियों ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों से समय निकाला, इसके लिये सभी का हार्दिक आभार जताया।





























# Siyaram's का नेत्रहीन खिलाड़ियों के जुनून को सलाम







## निरंतर 9 वर्षों से 'दृष्टिहीन कल्याण संगठन' के साथ मिलकर 'सियाराम्स कप' का भव्य आयोजन





SHRI RAMESH PODDAR
Chairman & Managing Director, Siyaram Silk Mills Ltd.







**मुम्बई/** 4 दशकों से अधिक भारतीय वस्त्र बाजार में फैशन पसन्द हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं की पहली पसन्द सियाराम्स हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने में सफल रही है। पिछले 9 वर्षों से सियाराम द्वारा 'दृष्टिहीन कल्याण संगठन' के साथ मिलकर अंतर्राज्यीय स्तर पर ब्लाइंड क्रिकेट का भव्य आयोजन कर नैत्रहीन खिलाड़ियों के साथ मिलकर उनके उत्साहवर्द्धन और उनके जज्बे को सलाम करता आया है।

यह कार्यक्रम अपने आप में अनोखा है। ब्लाइंड क्रिकेट के अन्तर्गत आंशिक दृष्टिहीन वाले खिलाड़ी गेंद को अपनी और आते नहीं देख सकते हैं व केवल एक भरोसे के माध्यम से गेंद को सीमा रेखा के पार पहुँचाना होता है। ब्लाइंड क्रिकेट के नियम काफी हद तक क्रिकेट के समान होते हैं, केवल उनके खेलने के तरीके में अन्तर है। जैसे कि जिस गेंद से वे खेलते हैं, वो सफेद रंग एवं घुंघरू वाली गेंद होती है जो दृष्टिहीन खिलाड़ी आभास कर शॉट मारता है। शारीरिक क्षमताओं को चुनौती देकर इस खेल को खेलना व देखना वास्तव में आश्चर्य पैदा करता है। खिलाड़ी आमतौर पर स्विफ शॉट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि गेंद को बल्ले से टकराने का अधिकतम मौका मिल सके और मैदान के चारों और से दर्शकगण जयकारा करते हैं।

### तीन दिवसीय आयोजन

'सियाराम्स कप' की शुरूआत 11 से 13 जनवरी 2023 को पीजे हिंदू जिमखाना, मरीन लाइन्स, मुम्बई में आयोजित किया गया, जहां देश भर से 8 अलग-अलग राज्यों जैसे महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गोवा और कर्नाटक की टीमों ने भाग लेकर इस खेल को रोमांचित किया। इन सभी टीमों ने अपने भरपूर उत्साह के साथ मैच खेला, जो वास्तव में देखने लायक था। तीन दिवसीय इस सियाराम्स कप को गुजरात की टीम ने जीता तथा महाराष्ट्र की टीम उपविजेता रही। अपने धैर्य, दृढ़ संकल्प और जुनून के साथ सभी खिलाड़ियों ने सफलता अर्जित की।

**इस अवसर पर सियाराम सिल्क मिल्स के चेयरमेन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रमेश पौद्दार ने कहा कि**
**'ऐसे कई दृष्टिहीन लोग हैं, जो न केवल क्रिकेट में बल्कि अपने जीवन को भी जुनून के साथ जीते हैं और अपने उद्देश्य को सफल बनाते हैं। ऐसे लोगों के जीवन में क्षमता का परस्पर समन्वय तथा निष्ठा ही मुख्य बिंदु होता हैं, जो जीवन के हर पड़ाव में लागू होते हैं। सियाराम इस आयोजन के लिए हमेशा सहयोग करता है, जिसका मुख्य उद्देश्य इन दृष्टिहीन खिलाड़ियों एवं भावुक लोगों के जीवन में अंधकार से उजाले की ओर लाकर इनके साथ जश्न मनाकर इन्हें उत्साहित करता है।'**







8th TIME WINNER GUJARAT LIFTS THE SIYARAM'S CUP TROPHY










7 से 21 फरवरी, 2023

टेक्सटाइल वर्ल्ड

Ambala City
Textile Trade Edition

## कॉटन सूटिंग-शर्टिंग के लिए मशहूर

# किरण टेक्सटाइल कंपनी



श्री अशोक गर्ग

### टी.आर. एवं फैशन फैब्रिक में भी वाइडेस्ट रेंज की उपलब्धता

**अम्बाला सिटी/** ब्राण्डेड कॉटन सूटिंग-शर्टिंग के विशेषज्ञ होलसेल डीलर के रूप में विख्यात संस्थान किरण टेक्सटाइल कंपनी स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे हरियाणा एवं पंजाब राज्यों में ब्राण्डेड कॉटन फैब्रिक्स की वाजिब दरों में उपलब्धता के लिए मशहूर है। मुख्य रूप से मेन्स वीयर सेगमेन्ट में कॉटन फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेलर के रूप में स्थापित इस संस्थान का संचालन अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री अशोक गर्ग कर रहे हैं। स्थानीय मण्डी के सफल कपड़ा व्यवसायियों में शुमार श्री गर्ग शुरूआती दौर से ही कॉटन फैब्रिक का उत्पादन करने वाली मिलों के काम को ही प्राथमिकता देते आये हैं। श्री गर्ग ने कठिन मेहनत एवं लगन से काम करते हुए रिटेलर्स को वाजिब दरों में कपड़ा उपलब्ध कराने के संकल्प पर कायम रहते हुए उच्च स्तरीय ब्राण्ड्स की सप्लाई को प्रमुखता दी। ये इसी का सुपरिणाम है कि आज संस्थान किरण टेक्सटाइल कंपनी कॉटन फैबिक्स के विशेषज्ञ डीलर के रूप में पहचान बनाने में कामयाब रहा है।

**प्रमुख ब्राण्ड्स** ■ किरण टेक्सटाइल कंपनी द्वारा मुख्य रूप से कॉटन फैब्रिक ब्राण्ड्स का काम सालों से किया जा रहा है, जिसमें मफतलाल, बिरला सेन्चुरी, मोरारजी जैसे नामचीन ब्राण्ड्स सहित मशहूर इम्पोर्टेड टी.आर. एवं एथनिक फैब्रिक ब्राण्ड डी एण्ड जे का व्यवसाय भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

■ श्री गर्ग ने बताया कि 100 प्रतिशत गीजा कॉटन फैब्रिक्स में मोरारजी टेक्सटाइल्स लि. द्वारा नित नये डवलपमेण्ट्स बाजार में दिए जा रहे हैं। शर्टिंग एवं कुर्ता-पायजामा के लिए यह कम्पनी भरपूर च्वॉइस प्रदान कर रही है, वहीं गीजा कॉटन सूटिंग में भी मोरारजी का एक अलग ही रूतबा है।

■ व्हाइट कॉटन फैब्रिक्स में मफतलाल का कोई जवाब नहीं है। इसके व्हाइट केम्ब्रिक, पोपलीन, डोबी एवं सोबर डिजांइस की बाजार में हमेशा डिमाण्ड रहती है। श्री गर्ग ने कहा कि बाजार में मफतलाल एक ऐसा ब्राण्ड है, जिसका सालों से बाजार में प्रभुत्व बरकरार है।

■ श्री गर्ग के अनुसार व्हाइट कॉटन शर्टिंग एवं कुर्ता पायजामा फैब्रिक्स में बिरला सेन्चुरी का फैब्रिक्स सालों से हिट है। इसकी विण्टर स्पेशल वैरायटीज एवं कैम्ब्रिक क्वालिटी की बाजार में हमेशा अच्छी डिमाण्ड रहती है। श्री गर्ग ने कहा कि संस्थान पर बिरला सेन्चुरी के उत्पादों की भरपूर रेंज रखी जाती है।

■ श्री गर्ग ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में मेन्स वीयर सेगमेण्ट में टीआर सूटिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स की मांग काफी बढ़ी है। इस डिमाण्ड के लिए हमने अपने संस्थान पर डी एण्ड जे ब्राण्ड के बेहतरीन फैब्रिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर रखी है। इस ब्राण्ड ने डिजाइनर कलेक्शन की बदौलत द्रुत गति से बाजार में प्रभाव क्षेत्र बढ़ाया है। आजकल युवाओं द्वारा डिजाइनर सूट के लिए डी. एण्ड जे. ब्राण्ड को ही ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

**रिटेल सेक्टर में प्रवेश** ■ किरण टेक्सटाइल कंपनी ने पिछले साल कालका चौक स्थित पूजा होलसेल कॉम्पलेक्स में रिटेल स्टोर शुरू किया था। जिसका संचालन श्री गर्ग के सुपुत्र श्री वीनीत गर्ग कर रहे हैं। स्टोर पर मेन्स फैशन के लिए रेमण्ड्स सहित टॉप फैशन ब्राण्ड्स का कपड़ा आम उपभोक्ताओं को वाजिब दरों में उपलब्ध कराया जा रहा है तथा कस्टमाइज टेलरिंग की सुविधा भी संस्थान पर उपलब्ध कराई गई है।

KIRAN TEXTILE COMPANY
Dev Samaj College Road, AMBALA CITY (Haryana), Tel. : 0171-2510826, (M) 098120-29777, Email: vineetgarg82@yahoo.com

## मेन्स वीयर फैब्रिक ब्राण्ड Siyaram's के प्रसिद्ध होलसेलर रोहित ट्रेडिंग कंपनी द्वारा नया ब्राण्ड लॉञ्च ROYALTY

Royalty group

ROYALTY
BY HARDIK JAIN

AMBALA CHANDIGARH-17 ELANTE
LUDHIANA JALANDHAR AMRITSAR



श्री रजनीश जैन



श्री हार्दिक जैन

**अम्बाला सिटी /** सियाराम सिल्क मिल्स लि. मुम्बई के अधिकृत होलसेल डीलर 'रोहित ट्रेडिंग कंपनी' सन् 1980 से सियाराम ब्राण्ड की बिक्री में अग्रणी पायदान पर है। संस्थान पूरे भारत में टॉप सेल के अवॉर्ड्स से नवाजा जाता रहा है। संस्थान के संचालक श्री रजनीश जैन ने अपने सालों के अनुभव एवं बुद्धिमता से कपड़ा व्यवसाय में एक नई पारी की शुरुआत की है। अपने युवा सुपुत्र श्री हार्दिक जैन के नेतृत्व में **Royalty** ब्राण्ड की लॉञ्चिंग की है। एक फैशन स्टोर के रूप में संचालित यह एक रिटेल शोरूम्स की चैन है, जहां फैशन पसंद युवाओं को उनकी पसंद के परिधान एवं फैब्रिक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ग्रुप द्वारा फैशन का नया डेस्टीनेशन बन चुके **Royalty** ब्राण्डनेम से 6 भव्य रिटेल स्टोर्स का संचालन किया जा रहा है। युवा वस्त्र व्यवसायी श्री हार्दिक जैन के अनुसार **Royalty** पर मेन्स एवं वूमन्स फैशन के लिए डिजाइनर एथेनिक वीयर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मेन्स फैशन के लिए वैवाहिक एवं पार्टी वीयर परिधानों में भी भरपूर रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। मेन्स वीयर में शेरवानी, जैकेट्स, इण्डोवेस्टर्न डिजाइनर सूट्स आदि परिधान वाजिब दरों में उपलब्ध हैं। रॉयल्टी ग्रुप द्वारा अम्बाला के अलावा चण्डीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, जालंधर आदि शहरों में भी स्टोर्स संचालित किये जा रहे हैं।

पंजाब के फिल्म अभिनेता एवं बोलीवुड स्टार्स भी **Royalty** से फैशन परिधान खरीदी करने पहुँचते है।

ROHIT TRADING COMPANY
S.C.O.141-42, Pooja Wholesale Complex, Kalka Chowk Ambala City (Haryana) (M) 98120 82214, 99921 00041

Raymond
FINE FABRICS



Authorised Wholesale Dealer

**GUPTA TEXTILE TRADING CO.**
Shop No. 110-111, Pooja Wholesale Complex,
Kalka Chowk, AMBALA CITY (HR)
Mobile.092155-10880, 093544-10880
Email: gttco@ymail.com

## फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक ब्राण्ड्स के विख्यात होलसेलर

# गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी

**अम्बाला सिटी /** लोकप्रिय मेन्स वीयर फैब्रिक्स ब्राण्ड्स के मशहूर होलसेल संस्थान गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी विगत 35 वर्षों से पूरे उत्तर भारत में मेन्स फैशन जरूरतों को पूरा कर रहा है। होलसेल ट्रेड सेण्टर अम्बाला में स्थापित इस संस्थान का संचालन युवा वस्त्र व्यापारी श्री संजय गुप्ता एवं श्री मुकेश गुप्ता कर रहे हैं। इनके प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं फैशन के प्रति गहरी समझ संस्थान की कार्यशैली में झलकती है। भारत के टॉप मेन्स फैशन ब्राण्ड्स की प्रचूर मात्र में उपलब्धता से लेकर रिटेल व्यापारियों को साथ लेकर चलने की इन दोनों भाइयों की कला ने गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी को उत्तर भारत में मेन्स फैशन फैब्रिक्स अर्थात् सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स की खरीदी का श्रेष्ठ विकल्प बना दिया। फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप उम्दा ब्राण्ड्स के कपड़े उपलब्ध कराने की इनकी शैली की वजह से यह संस्थान रिटेलर्स का पसंदीदा खरीदी केन्द्र बन चुका है।



श्री संजय गुप्ता



श्री मुकेश गुप्ता

गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक श्री संजय गुप्ता एवं श्री मुकेश गुप्ता ने विरासत में मिले कपड़ा व्यवसाय को अलग ही अंदाज में करते हुए मिलों के कपड़े की ट्रेडिंग को ही प्रमुखता दी, जिसके कारण आज गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी का नाम सिर्फ अम्बाला ही नहीं पूरे उत्तर भारत में सम्मान के साथ लिया जाता है। श्री संजय गुप्ता ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दरों में बेहतरीन ब्राण्ड्स का कपड़ा उपलब्ध कराना तो हमारा शुरू से ही ध्येय रहा है, वहीं अपने अमूल्य ग्राहकों के लिए सदैव लेटेस्ट ट्रेण्ड्स एवं फैशन पर आधारित फैब्रिक्स की उपलब्धता एवं समय पर माल की डिलिवरी सुनिश्चित की है। ग्राहकों के लिए हमेशा सर्वसुलभ रहने वाले श्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि हम अपने व्यापारियों की ग्रोथ में ही अपनी ग्रोथ समझते हैं। उचित मार्जिन पर काम करते हुए, अपने ग्राहकों को बेहतरीन एवं लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ घरेलू संबंधों की प्रगाढ़ता पर भी जोर देते हैं क्योंकि जहां व्यापारिक संबंधों में मधुरता होती है, वहीं व्यापार में उन्नति के कई रास्ते खुल जाते हैं।

### टॉप ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स एवं गारमेण्ट्स की उपलब्धता

संस्थान द्वारा अपने रिटेल स्टोर Royal Attire पर एथनिक एवं पार्टी वीयर परिधानों की विशाल रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके तहत राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय टॉप ब्राण्ड्स के गारमेण्ट्स भी उपलब्ध कराये गये हैं। रेमण्ड के फैब्रिक्स सहित इसके रेडीमेड परिधान, कलर प्लस, जोडियाक आदि ब्राण्ड्स के रेडीमेड गारमेण्ट्स भी संस्थान पर बिक्री किये जा रहे हैं। संस्थान पर जेण्ट्स सूट, ब्लैजर्स, जैकेट्स, शेरवानी इण्डोवेस्टर्न जैसे परिधान भी वाजिब दरों में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। श्री गुप्ता बंधुओं के व्यावसायिक कौशल एवं मिलनसार व्यक्ति त्व की वजह से Royal Attire पर सभी तरह के ग्राहक खरीदी करने पहुँचते हैं।

### प्रसिद्ध फैशन ब्राण्ड्स की उपलब्धता

गुप्ता टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी पर ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग एथनिक फैब्रिक्स सहित यूनिफॉर्म फैब्रिक्स का व्यवसाय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। श्री संजय गुप्ता के अनुसार संस्थान पर मेंस वीयर फैब्रिक ब्राण्ड्स में सबसे पॉपुलर ब्राण्ड रेमण्ड, जेसीटी, मफतलाल, ट्रू वेल्यू, एब्सोल्यूटो, मितवा, जिन्दल फैब, दी रूबी मिल्स, ब्रीजी (सियाराम), इ एम एस ए (मितवा) आदि का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। संस्थान द्वारा इन सभी ब्राण्ड्स का कपड़ा पूरे उत्तर भारत में सप्लाई किया जा रहा है।

### रेमण्ड के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर

श्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि 'रेमण्ड' पोलीवूल सूटिंग में नं. वन ब्राण्ड है। इसका कपड़ा ऑल वेदर क्लॉथ है, जो सभी सीजन में अच्छा बिकता है। हमने अपने संस्थान पर रेमण्ड के अन्तर्गत भरपूर स्टॉक मेण्टेन करते हुए बेहतरीन डिजाइनर कलेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित कर रखी है। मेन्स फैशन के लिए रेमण्ड की हमारे संस्थान पर पूरी रेंज रखी जाती है।

**मेन्स फैशन फैब्रिक्स की खरीदी के लिए श्रेष्ठ विकल्प**

श्री संजय गुप्ता ने संस्थान पर बिक्री किये जाने वाले ब्राण्ड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फाइबर डाइड यूनिफॉर्म फैब्रिक्स एवं 100 प्रतिशत कॉटन तथा पीसी सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड जेसीटी का काम शुरूआती दौर से ही काम कर रहे हैं।

कामदगिरी फैशन लि. के फैब्रिक ब्राण्ड ट्रू वैल्यू का होलसेल व्यवसाय भी संस्थान पर सालों से किया जा रहा है। श्री संजय गुप्ता ने कहा कि ट्रू वैल्यू ने सूटिंग में पीवी एवं टीआर लाइक्रा तथा गीजा कॉटन शर्टिंग में आकर्षक डवलपमेण्ट्स किए हैं। इस बार ट्रू वैल्यू के व्हाइट कुर्ते पायजामें की बहुत अच्छी सेल रही।

फैंसी शर्टिंग में बड़े एवं छोटे पने की शर्टिंग में 'मितवा' का काम भी लम्बे समय से किया जा रहा है। इसकी फैंसी डिजाइनर शर्टिंग की तो हमेशा मांग रहती है। इसकी हाई क्लास गीजा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड ईएमएसए का भी काम किया जा रहा है। मेन्स वीयर फैब्रिक्स में शानदार क्वालिटी एवं डिजाइन डवलपमेण्ट में माहिर एब्सोल्यूटो ब्राण्ड का काम कर रहे हैं। श्री मुकेश गुप्ता के अनुसार इसके इम्पोर्टेड टी आर. सूटिंग एवं एथेनिक फैब्रिक्स की इस साल बहुत अच्छी सेल रही है। पोलीवूल में एब्सोल्यूटो इलाइट में भी अच्छी रेंज आ रही है।

इसी तरह फैंसी शर्टिंग एवं कुर्ता पायजामा फैब्रिक्स में जिन्दल फैब में बड़े पने की शर्टिंग में कॉटन एवं पीवी ब्लेण्ड काफी चर्चित रहा। सैकड़ों डिजाइन एवं विशाल कलेक्शन ही जिन्दल फैब की पहचान है।

शानदार क्वालिटी एवं गुणवत्ता के कारण बाजार में दी रूबी मिल्स का भी जलवा बरकरार है। व्हाइट एवं ऑफ व्हाइट कपड़े में इसका कोई जवाब नहीं है। खासतौर से इसके लिजीबिजी कपड़े की डिमाण्ड तो सालों से बनी हुई है। शत प्रतिशत कॉटन, पीवी शर्टिंग एवं कुर्ता पायजामा फैब्रिक्स में रूबी का माल नाम से बिकता है।

यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में मफतलाल का काम संस्थान पर बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। श्री मुकेश गुप्ता के अनुसार यूनिफॉर्म मार्केट में मफतलाल वाइडेस्ट रेंज प्रदाता ब्राण्ड है, जो हमेशा यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए कुछ नया करने का प्रयास करता रहता है। इसी वजह से हमारे संस्थान पर इसकी अच्छी बिक्री होती है।

JCT LIMITED | TRUE VALUE | TRUE LINEN | Mafatlal | Mitva NEW GENERATION FABRICS | ÀBSOLÙTO FINER SIDE OF FASHION | ABSOLUTO ELITE | RUBY FABRICS | JINDAL FAB SUITINGS & SHIRTINGS | BRFI | Breezy

## ब्राण्डेड मेन्स वीयर फैब्रिक्स के टॉप होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर

# PAWAN KUMAR JAIN & COMPANY


श्री आदर्श जैन


श्री रजत जैन

**अम्बाला सिटी/** प्रीमियम गीजा कॉटन, कॉटन एवं लिनन सूटिंग शर्टिंग के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान पवन कुमार जैन एण्ड कंपनी मुख्य रूप से मेन्स वीयर फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में संलग्न हैं। मशहूर कपड़ा व्यवसायी श्री आदर्श जैन के नेतृत्व में संचालित इस संस्थान पर शुरूआत से ही प्रीमियम कॉटन फैब्रिक ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। श्री जैन अपने अमूल्य ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि के लिए संस्थान पर सदैव उच्चतम क्वालिटी एवं गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स के व्यवसाय को ही प्रमुखता देते आये हैं। ये इसी का सुपरिणाम है कि आज पवन कुमार जैन एण्ड कंपनी उत्तर भारत में श्रेष्ठ मेन्स वीयर फैब्रिक ब्राण्ड्स की होलसेल सप्लाई के लिए मशहूर है। संस्थान के कामकाज में श्री जैन के युवा सुपुत्र श्री रजत जैन पूरी निष्ठा के साथ व्यवसायरत हैं। श्री रजत जैन भी अपने पिताजी के मार्गदर्शन में नई सोच एवं नई स्ट्रेटेजी के साथ मेन्स वीयर सेगमेण्ट में नामचीन ब्राण्ड्स की बिक्री में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

### पीकेजे रिटेल प्रा. लि. की स्थापना से रिटेल में नई पारी की शुरूआत

श्री रजत जैन ने अपने पिताजी श्री आदर्श जैन के मार्गदर्शन में 2020 में पी के जे रिटेल प्रा.लि. नामक रिटेल स्टोर शुरू किया। होलसेल में सफलता का मार्ग प्रशस्त कर चुके श्री जैन रिटेल में मॉडर्न लाइफ स्टाइल फैब्रिक्स की बिक्री पर जोर दे रहे हैं। रेमण्ड सहित टॉप प्रीमियम मेन्स फैशन ब्राण्ड का कपड़ा संस्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं सभी तरह के मेन्स वीयर स्टिचिंग की फेसिलिटी भी उपलब्ध कराई गई है। टॉप वैरायटी एवं फुल रेंज के फॉर्मूले पर कार्यरत श्री जैन ने कहा कि वे प्रीमियम क्वालिटी के रेडीमेड शर्ट्स इनहाउस तैयार कर रहे हैं, जिसमें शुरूआती रुझान अच्छे प्राप्त हो रहे हैं।

**प्रीमियम ब्राण्ड्स की रहेगी मांग...** श्री रजत जैन ने चर्चा के दौरान बताया कि आने वाला समय प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड्स के लिए उज्जवल है। पिछले दशक की अपेक्षा इस दशक में प्रीमियम कपड़ों के प्रति ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। इसके अलावा एथनिक वीयर में उत्साहजनक डिमाण्ड देखी जा रही है। शादी-विवाह में बढ़ते एथनिक वीयर के प्रचलन से जेकॉर्ड एवं एम्ब्रोयडरी फैब्रिक्स की अच्छी मांग है।

**प्रमुख ब्राण्ड्स...** संस्थान पवन कुमार जैन एण्ड कंपनी अम्बाला सिटी के सर्वाधिक पुराने संस्थानों में से एक है और यह कॉटन फैब्रिक्स की बिक्री में अग्रणी पायदान पर रहता है। संस्थान पर कॉटन सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड आइकॉन-आशिमा, आयरिश लिनन फैब्रिक ब्राण्ड-बरगोएन, विश्व प्रसिद्ध गीजा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड टेसीट्यूरा मोण्टी, ओनली विमल, स्वेग, रूबी गोल्ड, ए एफ डब्ल्यू, फैशन फ्लेयर आदि पोपुलर ब्राण्ड्स के बेहतरीन फैब्रिक्स की बिक्री की जा रही है।

ICON ashima Weaving Dreams
BURGOYNE THE ORIGINAL LINEN
Fashion Flair Fabrics of the future
ONLY VIMAL.
RUBY GOLD
SWAG SO STYLISH
afw
Raymond
PAWAN KUMAR JAIN & CO.
Sco-7, Wholesale Textile Market, Aggarsain Chowk,
Amabala City (Haryana) Mob.: 931 5555 933
Email: pkj.burgoyne@gmail.com, meetrajatjain@gmail.com

## मेन्स फैशन फैब्रिक्स के प्रतिष्ठित होलसेलर | राजेश टेक्सटाइल एजेंसी

### ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स की उपलब्धता के लिए विख्यात

**अम्बाला सिटी/** ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के होलसेल व्यवसाय में 4 दशक पूर्ण कर चुका संस्थान 'राजेश टेक्सटाइल एजेंसी' स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे उत्तर भारत में मेन्स वीयर फैशन फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में प्रतिष्ठित नाम है। वस्त्र व्यवसाय के गहरे अनुभवी व्यवसायी श्री बलवीर गुप्ता द्वारा स्थापित 'राजेश टेक्सटाइल एजेंसी' पर उम्दा फैब्रिक्स ब्राण्ड्स का कपड़ा वाजिब दरों में उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री गुप्ता के युवा सुपुत्र श्री राजेश गुप्ता के कुशल नेतृत्व में यह संस्थान निरन्तर सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मेन्स वीयर की गहरी समझ रखने वाले श्री राजेश गुप्ता ने जहां होलसेल वस्त्र व्यवसाय में अपने व्यावसायिक कौशल से संस्थान को प्रसिद्धि दिलाई, वहीं रिटेल सेक्टर में भी 'दूल्हा गैलेरी' नामक रिटेल स्टोर चैन का सफल संचालन इनकी व्यापार के प्रति गहरी समझ को दर्शाता है। श्री गुप्ता ने कहा कि हमने अपने पिताजी द्वारा सिखाये गए मूल्यों एवं आदर्शों पर काम करते हुए फैशन के प्रति बदलती युवाओं की सोच के मद्देनजर बेहतरीन फैशनेबल फैब्रिक्स देने वाले ब्राण्ड्स की उपलब्धता अपने संस्थान पर सुनिश्चित कर रखी है।


श्री राजेश गुप्ता

**प्रमुख ब्राण्ड्स...** राजेश टेक्सटाइल एजेंसी द्वारा मेन्स फैशन में पॉपुलर ब्राण्ड ग्राडो-जीबीटीएल, सुगम, अशविरा, डी एण्ड जे आदि का व्यवसाय किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि फैशन फैब्रिक्स की लम्बी रेंज ग्राडो को एक नया मुकाम देने में कामयाब रही है। साथ ही हमारे स्टोर पर 'सुगम' जैसे प्रतिष्ठित ब्राण्ड का काम भी सालों से किया जा रहा है, जो अपने क्वालिटी प्रॉडक्ट की वजह से ऑल टाइम हिट रेंज देने वाले ब्राण्ड के रूप में मशहूर है। इसी तरह डी एण्ड जे की टी.आर. एवं एथेनिक फैब्रिक्स रेंज भी बाजार में खूब सराही जा रही है। इसके नये डवलपमेण्ट्स की बढ़ती मांग से आगे एथेनिक फैब्रिक्स के व्यवसाय के बढ़ने की उम्मीद को बल मिला है।


**मेन्स फैशन का डेस्टीनेशन दूल्हा गैलेरी...** वस्त्र व्यवसाय में अपने हुनर से अलग ही पहचान बनाने में कामयाब व्यवसायी श्री राजेश गुप्ता मेन्स फैशन को समर्पित रिटेल शोरूम 'दुल्हा गैलेरी' का भी संचालन कर रहे हैं। युवा वर्ग के लिए इस स्टोर पर मेन्स फैशन के लिए फैब्रिक्स एवं गारमेण्ट्स में विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। श्री गुप्ता के अनुसार दुल्हा गैलेरी पर युवाओं के लिए वेडिंग एवं पार्टी वीयर परिधानों सहित फॉर्मल परिधानों का विशाल संग्रह एक अनूठा अनुभव कराता है। इस स्टोर पर मेन्स फैशन के लिए रेडीमेड कॉट-सूट्स, इण्डोवेस्टर्न, एथनिक वीयर एवं शेरवानी में व्यापक च्वॉइस प्रदान की जा रही है, साथ ही जैकेट्स एवं ब्लेजर्स के लिए इस स्टोर पर भरपूर रेंज देखी जा सकती है। स्थानीय मण्डी स्थित पूजा होलसेल कॉम्पलेक्स में संचालित यह स्टोर इस पूरे मार्केट की फैशन गैलेरी भी माना जाता है।

**सेल्स एण्ड मार्केटिंग...** राजेश टेक्सटाइल एजेंसी उत्तर भारत में एक जाना माना प्रतिष्ठान है, जिसके साथ कई ऐसे रिटेल व्यापारी जुड़े हुए हैं, जो सालों से व्यवसायरत हैं। श्री बलवीर गुप्ता के मार्गदर्शन में श्री राजेश गुप्ता अपने अमूल्य ग्राहकों को बेस्ट प्रॉडक्ट की रीजनेबल रेट्स में सप्लाई का पूरा ख्याल रखते हैं, वहीं अपने व्यापारी एवं ग्राहकों की समृद्धि में ही अपनी समृद्धि समझते हैं। संस्थान द्वारा हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं चण्डीगढ़ राज्यों में व्यापक व्यवसाय किया जा रहा है।

RAJESH TEXTILE AGENCY
Wholesale Distributor
GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS
D&J
SUGAM PREMIUM SUITINGS
Ashvira DESIGNER & PLAIN SHIRTINGS
Dulha GALLERY
Styling for man
A COMPLETE MEN'S SHOWROOM
Shop No. 104-105, Pooja Wholesale Complex, AMBALA CITY, Tel. 0171-2544777
Mob.: 094160 20438, E-mail: manager@dulhagallery.in, web: www.dulhagallery.in

## ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेलर

# विजय ट्रेडिंग कंपनी


श्री विजय हसीजा


श्री रजत हसीजा

अम्बाला सिटी/ मेन्स वीयर फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में संलग्न संस्थान विजय ट्रेडिंग कंपनी द्वारा टॉप सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की बिक्री की जा रही है। अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री विजय हसीजा द्वारा संचालित विजय ट्रेडिंग कंपनी पर ग्राडो-जीबीटीएल, कृपलॉन, अरविंद, एथीना आदि ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। वस्त्र व्यवसाय में 25 वर्षों से कार्यरत श्री विजय हसीजा अपने व्यावसायिक कौशल एवं बुद्धिमत्ता से संस्थान के कामकाज को द्रुत गति से आगे बढ़ा रहे हैं। व्यवसाय में श्री हसीजा के युवा सुपुत्र श्री रजत हसीजा पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं। अपने पिताजी के निर्देशन में ये अपने संस्थान पर क्रिएटिव ब्राण्ड्स की सेल को बढ़ावा दे रहे हैं।

### ग्राहक संतुष्टि सर्वोपरि

विजय ट्रेडिंग कंपनी होलसेल वस्त्र व्यवसाय में एक समान पॉलिसी के साथ रिटेलर्स को अच्छी वैरायटी और अच्छी सर्विस के साथ टॉप ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्यरत हैं। श्री हसीजा अपने रिटेलर्स को सदैव कुछ नया देने के सिद्धान्त पर अपने व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं, वहीं उचित मार्जिन पर रिटेलर्स को प्रतिस्पर्धी दरों में फैब्रिक उपलब्ध कराने के ध्येय के साथ व्यवसायरत हैं।

### फैशनेबल एवं स्टाइलिश कलेक्शन

श्री रजत हसीजा ने कहा कि हम अपने संस्थान पर लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप नित नये डवलपमेण्ट्स देने वाले फैब्रिक्स ब्राण्ड्स का काम कर रहे हैं। हमारे यहाँ अरविन्द ब्राण्ड का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। मेन्स वीयर सेगमेण्ट में अरविन्द एक बिग बास्केट ब्राण्ड है, जिसमें प्रीमियम फैशन फैब्रिक्स की भरमार है। हमारे संस्थान पर अरविन्द ब्राण्ड में कॉटन, कॉर्डरॉय, डेनिम सूटिंग-शर्टिंग में विस्तृत रेंज मेण्टेन की जा रही है। इसी तरह शर्टिंग में कृपलोन अग्रणी पायदान पर है, इसका आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन हर किसी को आकर्षित करता है। संस्थान पर ग्राडो ब्राण्ड के तहत सूटिंग शर्टिंग में विस्तृत रेंज मेण्टेन कि जा रही है। हर आयु वर्ग के फैशन पसंद व्यक्तियों के लिए ग्राडो एक परफेक्ट ब्राण्ड बन चुका है और इस समय बाजार में इसके जबरदस्त पकड़ बनी हुई है। एथनिक वीयर के लिए एथीना ब्राण्ड के तहत एथनिक फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। आगामी वैडिंग एवं समर सीजन की तैयारी स्वरूप हमने मेन्स फैशन के लिए भरपूर तैयारी कर रखी है।

### रिटेल में बनाई मजबूत पकड़

युवा व्यवसायी श्री रजत हसीजा स्टोर पर रिटेल सेल भी बखूबी सम्भाल रहे है। ये ग्राहकों के भाव को समझकर उनकी पसंद के अनुसार फैशन फैब्रिक सलेक्शन कराने की कला में निपुण माने जाते है। इनके सानिध्य में संस्थान ने रिटेल में भी अच्छी पकड़ बना रखी है।

VIJAY TRADING COMPANY
WHOLESALE DISTRIBUTOR OF SUITINGS & SHIRTINGS
Arvind FASHIONING POSSIBILITIES
Kriplon EXCLUSIVE SHIRTINGS
GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS
ethina traditional world
OFFICE: S.C.O. 8, Wholesale Textile Market, AMBALA CITY, Haryana- 134003
Tel.: 0171-4065863, Mob.: 98963 65863, 83750 28133, E-mail: vtcambala@outlook.com

# होलसेल एवं रिटेल वस्त्र व्यवसाय का प्रमुख केन्द्र अम्बाला सिटी

**अम्बाला सिटी/ सत्यप्रकाश**

उत्तर भारत के टेक्सटाइल व्यवसाय की बात करें तो, इस क्षेत्र में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि राज्य स्थित है। थोक एवं रिटेल वस्त्र व्यवसाय में बिक्री के हिसाब से उत्तर भारत में अगर किसी होलसेल वस्त्र मण्डी का जिक्र हो तो हरियाणा राज्य में स्थित अम्बाला सिटी मण्डी का नाम सबसे ऊपर आता है। यहां के जुझारू व्यापारियों ने सभी प्रकार के टेक्सटाइल उत्पादों की बिक्री में कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अम्बाला सिटी में लगभग सभी टेक्सटाइल सेगमेण्ट में काम करने वाले व्यापारियों की बड़ी संख्या है। लगभग 700 होलसेल व्यापारी अपने-अपने व्यापारिक तरीकों से पूरे उत्तर भारत में कपड़े की आपूर्ति कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर भारत में ज्यादातर प्रीमियम टेस्ट का कपड़ा ही ज्यादा बिकता है, इसलिए इस क्षेत्र में लगभग सभी बड़े ब्राण्ड्स के कपड़े की बिक्री बड़ी मात्रा में होती है। सूरत, अहमदाबाद, जयपुर, मुम्बई, भीलवाड़ा, इरोड़, इचलकरंजी, आदि उत्पादक मण्डियों के निर्माताओं के स्थानीय स्तर पर अधिकृत डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स कार्यरत हैं, जो पूरे उत्तर भारत में टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स की आपूर्ति कर रहे हैं।

### फैशन हब बन रहा है अम्बाला शहर

